

15 खिलाड़ियों की कामयाबी और उनकी कोशिशों को कमज़ोर करना चाहते हैं, तो कल कोई भी उठकर कुछ भी बयान देगा और हम उसे गंभीरता से लेना शुरू कर देंगे, जो लड़कों के लिए सही नहीं है। – गौतम गंभीर

भारतीय कोच, अनर्गल बयानों को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## जसप्रीत बुमराह



भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अब टी-20 सीरीज कम खेलेंगे। वे 2027 वर्ल्ड कप तक ज्यादा वनडे मैच खेलेंगे। टीम मैनेजमेंट और सिलेक्टर्स उनके वर्कलोड को ध्यान में रखते हुए यह रणनीति बना रहे हैं। ताकि 2027 वर्ल्ड कप के लिए उनकी तैयारी बेहतर हो सके। अगले कुछ समय में द्विपक्षीय टी20 सीरीज में बुमराह को कम मौके दिए जा सकते हैं। बुमराह ने 19 नवंबर 2023 के बाद कोई वनडे मैच नहीं खेला है। पिछली बार वे वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में वनडे क्रिकेट खेलने उतरे थे।

**क्या आप जानते हैं ?...** ऋतुराज गायकवाड़ के नाम ए लिस्ट- क्रिकेट में सबसे अधिक औसत का वर्ल्ड रिकॉर्ड है।

### 28 को बेंगलुरु में आरसीबी-एसआरएच का ओपनिंग मैच, जयपुर में 12 अप्रेल के बाद मैच

## आईपीएल के शुरुआती 20 मैच का शेड्यूल जारी

नई दिल्ली, 11 मार्च। आईपीएल 2026 के शुरुआती 20 मैचों का शेड्यूल बुधवार को जारी कर दिया गया है। ओपनिंग मैच 28 मार्च को डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा। यह मुकाबला बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। इसी मैदान में पिछले साल 4 जून को के पहले टाइटल जीतने के बाद हुई विक्ट्री परेड के दौरान भगदड़ मच गई थी और इसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी। आईपीएल 2026 के पहले फेज में 16 दिन में 20 मैच खेले जाएंगे। इनमें 4 डबल हेडर शामिल हैं। 5 बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस 29 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपने होम ग्राउंड वानखेड़े स्टेडियम में अपना पहला मैच खेलेगी। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स 30 मार्च को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ गुवाहाटी में अपने

| मैच | तारीख | दिन | समय | वेन्यू |
|---|---|---|---|---|
| RCB vs SRH | 28 मार्च | शनिवार | 7:30 PM | बेंगलुरु |
| MI vs KKR | 29 मार्च | रविवार | 7:30 PM | मुंबई |
| RR vs CSK | 30 मार्च | सोमवार | 7:30 PM | गुवाहाटी |
| PBKS vs GT | 31 मार्च | मंगलवार | 7:30 PM | मुल्लांपुर |
| LSG vs DC | 1 अप्रैल | बुधवार | 7:30 PM | लखनऊ |
| KKR vs SRH | 2 अप्रैल | गुरुवार | 7:30 PM | कोलकाता |
| CSK vs PBKS | 3 अप्रैल | शुक्रवार | 7:30 PM | चेन्नई |
| DC vs MI | 4 अप्रैल | शनिवार | 3:30 PM | दिल्ली |
| GT vs RR | 4 अप्रैल | शनिवार | 7:30 PM | अहमदाबाद |
| SRH vs LSG | 5 अप्रैल | रविवार | 3:30 PM | हैदराबाद |
| RCB vs CSK | 5 अप्रैल | रविवार | 7:30 PM | बेंगलुरु |
| KKR vs PBKS | 6 अप्रैल | सोमवार | 7:30 PM | कोलकाता |
| RR vs MI | 7 अप्रैल | मंगलवार | 7:30 PM | गुवाहाटी |
| DC vs GT | 8 अप्रैल | बुधवार | 7:30 PM | दिल्ली |
| KKR vs LSG | 9 अप्रैल | गुरुवार | 7:30 PM | कोलकाता |
| RR vs RCB | 10 अप्रैल | शुक्रवार | 7:30 PM | गुवाहाटी |
| PBKS vs SRH | 11 अप्रैल | शनिवार | 3:30 PM | मुल्लांपुर |
| CSK vs DC | 11 अप्रैल | शनिवार | 7:30 PM | चेन्नई |
| LSG vs GT | 12 अप्रैल | रविवार | 3:30 PM | लखनऊ |
| MI vs RCB | 12 अप्रैल | रविवार | 7:30 PM | मुंबई |



अभियान की शुरुआत करेगी। ऋतुराज गायकवाड की कप्तानी वाली में संजू सैमसन पहली बार खेलते दिखेंगे। वे टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे। दूसरे फेज का शेड्यूल चुनाव तारीखों के ऐलान के बाद जारी होगा: आईपीएल के दूसरे फेज का शेड्यूल चुनाव तारीखों के ऐलान के बाद जारी किया जाएगा। 2008 में शुरू होने के बाद जब भी देश में आम चुनाव (2009, 2014, 2019 और 2024) या किसी राज्य में विधानसभा चुनाव हुए हैं, तब टूर्नामेंट का शेड्यूल दो हिस्सों में जारी किया गया है। 2 दिन टली ओपनिंग: देश के 5 राज्यों में चुनाव के कारण आईपीएल के ओपनिंग मैच को 2 दिन बढ़ाया गया है। पहले लीग की शुरुआत 26 मार्च को होनी थी, लेकिन अब लीग 28 मार्च को होगी। विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में 4 ऐसे प्रमुख स्टेडियम हैं। जहां के मैच होने हैं। तमिलनाडु के चेन्नई स्थित एमए चिदंबरम स्टेडियम (चेपॉक) चेन्नई सुपर किंग्स का होम ग्राउंड है। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में स्थित ईडन गार्डन्स कोलकाता नाइट राइडर्स का घरेलू मैदान है, जबकि असम के गुवाहाटी में बना बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम राजस्थान रॉयल्स का सेकेंड होम वेन्यू रहा है।



जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में नीरज पवन की देखरेख में आईपीएल की तैयारियां शुरू। फोटो : दिनेश भारद्वाज

### नन्हें खा मेमोरियल क्रिकेट लीग

## भदौरिया एकेडमी जीती

जयपुर, 11 मार्च। चंबल स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित नन्हें खा मेमोरियल क्रिकेट लीग में आज खेले गए मैच में भदौरिया क्रिकेट एकेडमी ने सिग्नेचर क्रिकेट एकेडमी को 7 विकेट से हराया। टॉस जीतकर सिग्नेचर एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सुनील यादव 33 , भरत प्रजापत 39, राम शर्मा 11 रनों के सहयोग से 24 ओवर में 129 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। भदौरिया एकेडमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए आशीष चोपड़ा , निखिल सिंह , प्रथम जोशी, लोकेंद्र चौधरी ने 2-2 विकेट लिए, आदित्य चौधरी ने 1 विकेट लिया । लक्ष्य का पीछा करते हुए भदौरिया एकेडमी ने उत्कर्ष सिंह 77, आर्यन जैन 31 के सहयोग से 12 ओवर में 3 विकेट पर 133 रन बनाकर जीत दर्ज की। सिग्नेचर की ओर से भरत प्रजापत, नमन शर्मा, जय श्री राम ने 1-1 विकेट लिए। आज के मैच के मैन ऑफ द मैच उत्कर्ष सिंह रहे।

## युवराज को धोनी ने ड्रॉप नहीं कराया : पाटिल

### योगराज सिंह ने गलत आरोप लगाए

नई दिल्ली, 11 मार्च। भारत के पूर्व मुख्य चयनकर्ता संदीप पाटिल ने टीम चयन से जुड़े कई पुराने विवादों पर खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि युवराज सिंह को टीम से बाहर करने में महेंद्र सिंह धोनी की कोई भूमिका नहीं थी। एक यूट्यूब इंटरव्यू में पाटिल ने कहा, सिलेक्शन मीटिंग, टूर या मैचों के दौरान धोनी ने कभी यह नहीं कहा कि युवराज सिंह को टीम से बाहर किया जाए। पाटिल ने कहा कि युवराज के पिता योगराज सिंह का अपने बेटे के लिए भावुक होना गलत नहीं है, लेकिन इस मामले में आरोप गलत जगह लगाए गए हैं। पाटिल ने 2012 में सचिन तेंदुलकर से हुई मुलाकात का भी जिक्र किया। इंग्लैंड के खिलाफ नागपुर टेस्ट ड्रॉ के बाद उन्होंने और चयनकर्ता राजेंद्र सिंह हंस ने सचिन से मुलाकात कर उनके भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछा था।



पाटिल के अनुसार, जब तेंदुलकर को बताया गया कि चयन समिति भविष्य के विकल्प देख रही है तो सचिन इस पर हैरान रह गए थे। हालांकि पाटिल ने स्पष्ट किया कि चयनकर्ताओं ने सचिन को कभी संन्यास लेने के लिए नहीं कहा। पाटिल ने बताया कि बाद में सचिन तेंदुलकर ने खुद संन्यास की घोषणा की और इसकी जानकारी उन्हें फोन पर दी।

संदीप ने गौतम गंभीर के साथ अपने रिश्तों पर भी बात की। पाटिल के मुताबिक, टीम से बाहर किए जाने के बाद से गंभीर उनसे बात नहीं करते। कई टीवी कार्यक्रमों में साथ बैठने के बावजूद गंभीर उनसे नजर तक नहीं मिलाते। पाटिल ने कहा कि उस समय टीम में बदलाव जरूरी थे और उसी दौर में मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा और अजिंक्य रहाणे जैसे खिलाड़ियों को मौका मिला।

विराट कोहली और अनिल कुंबले के विवाद पर पाटिल ने कहा कि संभव है दोनों की कुछ गलतियां रही हों। उनके मुताबिक, वरिष्ठ खिलाड़ियों को संभालना अलग चुनौती होती है और यदि इसे सही तरीके से न संभाला जाए तो ड्रेसिंग रूम का माहौल प्रभावित हो सकता है।

## दुबे टी-20 वर्ल्डकप जीतने के बाद ट्रेन से मुंबई पहुंचे

नई दिल्ली, 11 मार्च। टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे ट्रेन से मुंबई पहुंचे। उन्होंने अहमदाबाद-मुंबई सायाजी एक्सप्रेस की एसी-3 टियर कोच में अपर बर्थ पर छिपकर सफर किया, ताकि कोई उन्हें पहचान न सके। सफर के दौरान जब टिकट चेकर ने नाम को लेकर सवाल किया तो उनकी पत्नी अंजुम ने तुरंत बात संभालते हुए उनकी पहचान भी छिपा ली। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल जीतने के बाद दुबे सोमवार सुबह करीब 5:10 बजे की ट्रेन से मुंबई रवाना हुए। उन्होंने पहचान छिपाने के लिए कैप, मास्क और फुल स्लीव टी-शर्ट पहनी। ट्रेन में बैठते ही वह एसी-3 टियर कोच की ऊपर वाली बर्थ पर जाकर लेट गए और रेलवे कंबल ओढ़ लिया ताकि कोई पहचान न सके।

## आईपीएल 2026 में पूरा सीजन खेलेंगे धोनी, ट्रेनिंग शुरू की



नई दिल्ली, 11 मार्च। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी 2026 में पूरा सीजन खेलेंगे। चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ काशी विश्वनाथन ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। हालांकि उन्होंने कहा कि टीम में धोनी की भूमिका क्या होगी, इसका फैसला कोचिंग स्टाफ करेगा। मार्च की शुरुआत से कर रहे ट्रेनिंग: 44 साल के धोनी मार्च की शुरुआत में ही चेन्नई पहुंच गए थे और टीम के साथ प्रैक्टिस कर रहे हैं। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की अगुवाई में टीम ने नए सीजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। धोनी ने पिछले महीने रांची में हल्के नेट सेशन के साथ अपनी तैयारी शुरू की थी।

**भूमिका पर फैसला क्रिकेटिंग स्टाफ करेगा :** काशी विश्वनाथन ने कहा कि धोनी इस सीजन के सभी मैच खेलेंगे। हालांकि उन्हें बल्लेबाज, विकेटकीपर-बल्लेबाज या इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा या नहीं, इसका फैसला टीम का क्रिकेटिंग स्टाफ करेगा।

**संजू सैमसन के आने से उठी थीं अटकलें :** राजस्थान रॉयल्स से संजू सैमसन के में आने के बाद यह चर्चा तेज हो गई थी कि धोनी इस बार कम मैच खेल सकते हैं या सीमित भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि टीम प्रबंधन ने साफ कर दिया है कि धोनी पूरे सीजन के लिए उपलब्ध रहेंगे।

**पिछले सीजन में बीच में संभाली थी कप्तानी :** आईपीएल 2025 में ऋतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के बाद धोनी ने टूर्नामेंट के बीच में टीम की कप्तानी संभाली थी। इसके बावजूद पहली बार इतिहास में अंक तालिका में आखिरी स्थान पर रही थी। चेन्नई में ही होंगे सीएसके के सभी मैच: विश्वनाथन ने कहा कि टीम अपने सभी घरेलू मैच चेन्नई में ही खेलेगी। तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव होने के बावजूद उन्हें आयोजन को लेकर कोई बड़ी परेशानी नहीं दिख रही है। विश्वनाथन ने भारत के लगातार दूसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप जीतने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि के खिलाड़ी संजू सैमसन और शिवम दुबे ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया, जिससे टीम का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

### टी-20 वर्ल्डकप के बाद की पहली रैंकिंग

## अभिषेक नंबर-1, ईशान किशन नंबर-2 बैटर

### वरुण पहले स्थान से फिसले

नई दिल्ली, 11 मार्च। टी-20 वर्ल्ड कप के बाद ने बुधवार को अपनी ताजा रैंकिंग जारी कर दी है। इसमें सबसे ज्यादा बदलाव टी-20 रैंकिंग में हुए हैं। भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा और ईशान किशन टी20 के बैटर्स की रैंकिंग में टॉप-2 पोजिशन पर हैं। अभिषेक शर्मा 875 रेटिंग अंक के साथ नंबर-1 पर बने हुए हैं। उन्होंने टी20 वर्ल्ड कप फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ तेज अर्धशतक लगाया था। ईशान किशन 871 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में 317 रन बनाए। ईशान ने दो स्थान की छलांग लगाई।

8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल मैच खेला गया था। इसमें भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रन के अंतर से हराया और अपना टाइटल डिफेंड किया था। टीम इंडिया ने तीसरी बार यह टूर्नामेंट जीता था।

टॉप-10 बैटर्स में 4 भारतीय शामिल टॉप-10 टी-20 बैटर्स की लिस्ट में 4 भारतीय शामिल हैं। इनमें अभिषेक नंबर-1, ईशान नंबर-2, तिलक वर्मा नंबर-7 और सूर्यकुमार यादव नंबर-9 पर हैं। तिलक वर्मा को एक और सूर्या को दो स्थान का नुकसान हुआ है। न्यूजीलैंड के टिम साइफर्ट चार स्थान ऊपर चढ़कर छठे नंबर पर पहुंच गए हैं, जबकि इंग्लैंड के जैकब बेथेल 17 स्थान ऊपर आकर 16वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

गेंदबाजी रैंकिंग में अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान 753 अंक के साथ नंबर-1 बन गए हैं। भारत के वरुण चक्रवर्ती 740 अंक के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। जसप्रीत बुमराह एक स्थान ऊपर चढ़कर छठे नंबर पर पहुंच गए हैं। वे टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में 4 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द मैच बने। अक्षर पटेल 17वें, हार्दिक पंड्या 46वें और साउथ अफ्रीका के कगिसो रबाडा 50वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के आदिल राशिद चौथे स्थान पर हैं।

### ईरानी टीम फुटबॉल वर्ल्डकप खेलने अमेरिका जा सकेगा

## हमारा खेलना मुश्किल : ईरानी बोर्ड







नई दिल्ली, 11 मार्च। ईरान की फुटबॉल टीम अमेरिका जाकर वर्ल्डकप में हिस्सा ले सकेगी। के अध्यक्ष जियानी इन्फैन्टिनो ने इसकी पुष्टि की है। इन्फैन्टिनो ने बताया कि उन्हें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भरोसा दिलाया है कि ईरान की नेशनल टीम को 2026 फुटबॉल वर्ल्ड कप खेलने अमेरिका आने दिया जाएगा।

इस बार फीफा वर्ल्ड कप 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको की संयुक्त मेजबानी में हो रहा है। अमेरिका-ईरान के बीच जारी युद्ध के कारण ईरान पर ट्रैवल और वीजा बैन के बाद टीम की भागीदारी को लेकर सवाल उठ रहे थे।

ईरान का पहला मैच कैलिफोर्निया में होगा 2026 वर्ल्ड कप में ईरान के ग्रुप मैच तय हैं। टीम 15 जून को कैलिफोर्निया के इंगलवुड में न्यूजीलैंड से खेलेगी। 21 जून को बेल्जियम और 26 जून को सिएटल में मिस्त्र से मुकाबला होगा। ईरान को ग्रुप में बेल्जियम, मिस्त्र और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। 9 दिन पहले ईरानी फुटबॉल फेडरेशन के प्रेसिडेंट मेहदी ताज ने कहा था कि मौजूदा हालातों में नेशनल टीम का अमेरिका जाकर फुटबॉल खेलना बेहद मुश्किल है। उन्होंने कहा था- 'इस हमले के बाद हमसे यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि हम आशा और उत्साह के साथ वर्ल्ड कप की ओर देखें।' इतना ही नहीं, ट्रम्प सरकार ने ईरानी फैंस को देश में एंट्री देने से मना कर दिया था।

इस मसले पर फीफा ने कहा है कि टूर्नामेंट को टालना संभव नहीं है। फीफा के वर्ल्ड कप चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर हाइमो शिर्गी ने कहा कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है, लेकिन वर्ल्ड कप तय समय पर ही होगा। उम्मीद है कि क्वालिफाई करने वाली सभी टीमें इसमें हिस्सा लेंगी। क्या कहते हैं फीफा के नियम: फीफा नियमों के मुताबिक यदि मेजबान देश किसी टीम को प्रवेश देने से इनकार करता है तो उसकी मेजबानी भी छीनी जा सकती है। तीन साल पहले इंडोनेशिया ने अंडर-20 वर्ल्ड कप में इजराइल टीम को अनुमति देने से इनकार किया था, जिसके बाद फीफा ने टूर्नामेंट इंडोनेशिया से लेकर अर्जेंटीना को दे दिया था।


## जयपुर पोलो सीजन 2026 : टीम जयपुर और नाहरगढ़ के बीच टूर्नामेंट का दूसरा मुकाबला आज

जयपुर, 11 मार्च। जयपुर पोलो सीजन 2026 के अंतर्गत आयोजित श्री सीमेंट कप (आउट ऑफ हैट) टूर्नामेंट का दूसरा मुकाबला गुरुवार, 12 मार्च (कल) को राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर शाम 5 बजे से खेला जाएगा। इस मुकाबले में टीम जयपुर और टीम नाहरगढ़ आमने-सामने होगी। टीम जयपुर से महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह, नरेंद्र सिंह, रघुराम हरि और प्रताप सिंह कानोता खेलेंगे। वहीं, टीम नाहरगढ़ की ओर से विग्रहराज सिंह कोठारिया, दिव्यमान सिंह दूजोद, तरुण बिलवाल और विशाल सिंह राठौड़ मैदान में उतरेंगे। इस टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल मैच 13 मार्च, शुक्रवार को और दूसरा सेमीफाइनल 14 मार्च, शनिवार को खेला जाएगा। टूर्नामेंट की फाइनल टक्कर 15 मार्च, रविवार को राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर होगी।

## कीर्ति आजाद खेल से ज्यादा पॉलिटिक्स को पसंद कर रहे हैं : हरभजन सिंह

नई दिल्ली, 11 मार्च। टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप का खिताब लगातार तीसरी बार अपने नाम किया है। जिसके बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव, कोच गौतम गंभीर और आईसीसी चेयरमैन जय शाह नरेंद्र मोदी स्टेडियम के पास बने हनुमान मंदिर में वर्ल्ड कप की ट्रॉफी को लेकर गए। लेकिन ये बात पूर्व क्रिकेटर और टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद को अच्छी नहीं लगी। उन्होंने इसे लेकर कहा कि टीम इंडिया को शर्मा आनी चाहिए। जिसके बाद पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने अपना बयान देकर कीर्ति आजाद की बोलती बंद कर दी।

कीर्ति आजाद ने भारतीय टीम की बुराई करते हुए ट्रॉफी के मंदिर ले जाने पर सवाल किया कि ट्रॉफी को मस्जिद, चर्च और गुरुद्वारे में क्यों नहीं ले जाया गया? उनका कहना था कि जीत हर भारतीय की है और



ये किसी एक धर्म की नहीं है। इस पर पहले ईशान किशन कहते हैं कि कुछ अच्छा सवाल पूछो और अब हरभजन सिंह ने साफ कह दिया कि ये बेतुका बयान है कि वह इस पर राजनीति करने की कोशिश कर रहे हैं। हरभजन सिंह ने कहा कि, ये अजीब है कि वह (कीर्ति आजाद) इस पर पॉलिटिक्स खेलकर क्या करने की कोशिश कर रहे हैं। इंडियन टीम ट्रॉफी को मंदिर, मस्जिद, चर्च, जहां चाहे ले जा सकती है। अगर उन्होंने अपने भगवान से कुछ मांगा है और उनकी इच्छा पूरी होने के बाद उन्होंने अपने विश्वास पर दोबारा सोचा है तो इसमें क्या दिक्कत है? हरभजन सिंह ने कहा कि उन्हें खुश होना चाहिए की भारत ने वर्ल्ड कप जीता है।

उन्होंने आगे कहा कि, साथ क्रिकेटरों से ये बातें सुनना बुरा लगता है। शायद वे खेल से ज्यादा पॉलिटिक्स को पसंद कर रहे हैं। ये और भी बुरा है कि वह एक स्पोर्ट्समैन हैं। देश ने वर्ल्ड कप जीता है। खुश रहो, जश्न मनाओ, लेकिन तुम पॉलिटिक्स करने में बिजी हो। हम अपने धर्म में कहते हैं कि सभी धर्म एक जैसे हैं। भगवाल अलग-अलग हो सकते हैं लेकिन रास्ता एक ही है।

## अमुधन 2000 ईलो रेटिंग पार करने वाले दुनिया के सबसे युवा खिलाड़ी



नई दिल्ली, 11 मार्च। चेन्नई तमिलनाडु के तमिज अमुधन इस समय विश्व शतरंज जगत में चर्चा का केंद्र है। मात्र 9 साल की उम्र में तमिज न केवल अंडर-9 कैटेगरी में दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी बन गए हैं, बल्कि वे इस उम्र में 2000 ईलो रेटिंग पार करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी हैं। तमिज ने महज चार साल की उम्र में चचेरे भाइयों को देखकर शतरंज सीखना शुरू किया था। उनके भीतर खेल की सहज समझ इतनी गहरी थी कि एक जिला स्तरीय टूर्नामेंट के दौरान कल्लाकुरिची के एक बस ड्राइवर रविचंद्रन की नजर उन पर पड़ी। रविचंद्रन पार्ट-टाइम शतरंज कोचिंग भी देते थे। उन्होंने देखा कि बिना किसी औपचारिक ट्रेनिंग के भी इस छोटे से बच्चे ने अनुभवी खिलाड़ियों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया।

रविचंद्रन ने तमिज की प्रतिभा को पहचान लिया और उन्हें मुफ्त में कोचिंग देने का फैसला किया। इसके बाद तमिज ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। 6 साल की उम्र में उन्होंने स्टेट अंडर-9 टूर्नामेंट में 9 में से 9 अंक हासिल कर सबको हैरान कर दिया। यह उनके करियर का पहला बड़ा 'ब्रेक' था।

## चौमूं की अर्चना सैनी रणजी में राजस्थान कर रही प्रतिनिधित्व

चौमूं (कालाडेरा), 11 मार्च। कहते हैं कि शिद्दत के साथ की गई मेहनत से एक दिन सफलता जरूर मिलती है इसी कहावत को पूरा करने में जुटी है चौमूं के छोटे से गांव भोजलावा की अर्चना सैनी 26 साल की यह लड़की उन गांवों की लड़कियों के लिए प्रेरणा बन रही है जो खेल के जरिए जिंदगी में कुछ करना चाहती है। अर्चना सैनी एक क्रिकेटर है और सामाजिक तानों के बावजूद अर्चना ने अपने जुनून व मेहनत के दम पर महिला क्रिकेट में पहचान बनाई है। अब तक अर्चना ने दर्जनों टूर्नामेंट में भाग लेकर अपनी टीम को सफलता दिलाई है वह अब भारतीय टीम व आईपीएल टीम में चयन होने का सपना लेकर दिन रात मेहनत कर रही है। जानकारी के अनुसार अर्चना के पिता कैलाश चंद सैनी पेशे से ड्राइवर हैं। जबकि माता तीजा देवी गृहिणी हैं।

## अंडर-23 वीमेन ट्रॉफी राजस्थान ने आसाम को 10 विकेट से हराया

### राजस्थान की जीत में मैना सियोल, शानू, तनिका शर्मा चमकी



जयपुर, 11 मार्च। बीसीसीआई अंडर 23 वीमेन ट्रॉफी में आज राजस्थान ने आसामको 10 विकेट से हराकर बड़ी जीत दर्ज की, राजस्थान की जीत में मैना सियोल, शानू की घातक गेंदबाजी व तनिका शर्मा, नंदनी की शानदार पारी।आसामपारी 45 आल आउट। राजस्थान के गेंदबाज मैना सियोल 15/5, शानू 6/4 व अर्चना योगी 1 विकेट।राजस्थान पारी 46/0, टीम के लिए तनिका शर्मा नाबाद 23 व नंदिनी नाबाद 14 रन।

## टीम इंडिया ने ट्वंटी-20 क्रिकेट में बनाया महारिकॉर्ड, दूर-दूर तक नहीं कोई दूसरी टीम

नई दिल्ली, 11 मार्च। टीम इंडिया का टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में बोलबाला है। भारतीय टीम के पास अब तीन टी20 वर्ल्ड कप की ट्रॉफी और टीम लगातार दूसरा टी20 खिताब जीतने वाली पहली टीम बनी है। साथ ही भारतीय टीम बड़े-बड़े स्कोर बनाने का दमखम रखती है। यही कारण है कि टीम इंडिया के नाम एक महारिकॉर्ड दर्ज है। भारतीय टीम ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा बार 200 से ज्यादा का टोटल बनाया हुआ है। दूसरे नंबर पर जो टीम है वह बहुत पीछे है। दरअसल, भारतीय टीम ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल समेत 50 बार 200 से ज्यादा आंकड़ा इस फॉर्मेट में पार किया है। इस क्रम में कोई भी टीम नहीं है जिसने टीम इंडिया के बराबर ही 200 से ज्यादा का स्कोर टी20 क्रिकेट में बनाए है। असल में इस कड़ी में जो टीम दूसरे नंबर पर उसने सिर्फ 29 बार ही 200 का आंकड़ा टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में पार किया है। तीसरे नंबर वाली टीम ने 28 बार ये कारनामा किया है। भारतीय टीम के बाद दूसरे नंबर पर साउथ अफ्रीका की टीम है, जबकि तीसरे नंबर पर न्यूजीलैंड की टीम है।

## बांग्लादेश ने पाकिस्तान को सिर्फ 15.1 ओवर में हराया

ढाका, 11 मार्च। ढाका बांग्लादेश ने पाकिस्तान को पहले वनडे में 8 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली। ढाका के शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान की टीम 114 रन पर ऑलआउट हो गई थी। बांग्लादेशी पेसर नाहिद राणा ने 5 विकेट लिए थे। जवाब में बांग्लादेश ने 115 रन का लक्ष्य सिर्फ 15.1 ओवर में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया। तंजिद हसन तमीम ने नाबाद 67 रन की तेज पारी खेली। 115 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की शुरुआत ज्यादा अच्छी नहीं रही और सैफ हसन 4 रन बनाकर शाहीन अफरीदी का शिकार बने। इसके बाद तंजिद हसन तमीम और नजमुल हुसैन शांतो ने दूसरे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी कर मैच लगभग एकतरफा कर दिया। तंजिद हसन ने 42 गेंद में 7 चौके और 5 छक्के की मदद से नाबाद 67 रन बनाए। वहीं नजमुल हुसैन शांतो ने 33 गेंद में 27 रन बनाए। अंत में लिटन दास 3 रन बनाकर नाबाद लौटे और टीम ने 15.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम 30.4 ओवर में 114 रन पर सिमट गई। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 7 ओवर में 24 रन देकर 5 विकेट झटके। कप्तान मेहदी हसन मिराज ने भी 10 ओवर में 29 रन देकर 3 विकेट लिए। इसके अलावा तस्कीन अहमद और मुस्तफिजुर रहमान को एक-एक विकेट मिला। पाकिस्तान की शुरुआत ठीक रही और पहले विकेट के लिए साहिबजादा फरहान और माज सादाकत ने 41 रन जोड़े। फरहान ने 27 और सादाकत ने 18 रन बनाए।